उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में जिलाधिकारी द्वारा लगातार पत्रकारों का उत्पीड़न एवं पत्रकारों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे के खिलाफ पत्रकारों का 'जल सत्याग्रह'

आगामी विधानसभा चुनाव में लालू एण्ड फैमिली के पॉलिटक्स में एक नया एडिशन होगा लांच, पहले मीसा भारती, फिर तेजस्वी साथ में तेजप्रताप और अब तेज-तर्रार चौथी संतान रूक्मिणी यादव

व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने देशभर में 10 जून से चीनी सामानों के बहिष्कार का ऐलान किया, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की सलाह

देश की राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते जा रहे कोरोना संक्रमण के मामले 31 जुलाई तक साढ़े 5 लाख केस होंगे जिसके लिए 80 हजार बेड की जरूरत

युवराज न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update
RNI:- BIHHIN05409
www.newstodayupdate.in
आपकी आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 09+09 तिथि : 09 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में जिलाधिकारी द्वारा लगातार पत्रकारों का उत्पीड़न एवं उनके ऊपर दर्ज हुए मुकदमें के खिलाफ जिले भर के पत्रकारों का 'जल सत्याग्रह'

न्यूज़ टुडे एक्सक्लूसिव :



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




कोरोना वायरस संकट के बीच उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में पत्रकारों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे की वजह से पत्रकारों ने 'जल सत्याग्रह' शुरु कर दिया है। पत्रकारों का आरोप है कि प्रदेश में पत्रकारों के खिलाफ मुकदमों की भरमार हो गई है, जिसके बाद पत्रकारों को जल सत्याग्रह करना पड़ रहा है। विरोध कर रहें पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान जिलाधिकारी संजीव सिंह द्वारा लगातार पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

फतेहपुर जिले में सोमवार (8 जून) को जिले भर के पत्रकारों ने अलग अलग स्थानों पर गंगा और यमुना नदियों की जलधारा में खड़े होकर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान पत्रकारों ने हाथों में तख्तियां भी ली हुई थी और जिला प्रशासन के खिलाफ लगातार नारे भी लगाए। पत्रकारों की मांग है कि जिस तरीके से जिले के पत्रकारों के ऊपर फर्जी मुक. दमें दर्ज किए गए हैं उन्हें वापस लिया जाए। पत्रकारों ने सरकार से यह भी मांग की कि जिलाधिकारी संजीव सिंह का जनपद से स्थान्तरण किया जाए और इनके कार्यकाल की शासन स्तर से उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच कराई जाए।

जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह भदौरिया ने कहा कि जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार और कोरोना काल के दौरान जिले में हावी अव्यवस्थाओं की सच्चाई उजागर करने पर डीएम संजीव सिंह के इशारे पर पत्रकारों पर फर्जी मुकदमें दर्ज किए गए हैं उसको पत्रकार बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि फर्जी मुकदमों के विरोध में पत्रकारों ने कुछ दिन पहले अपनी मांगो को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन भी दिया था लेकिन उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

जानकारी के मुताबिक, हाल ही में सोशल मीडिया में विजईपुर ब्लाक के अंतर्गत रहने वाले नेत्रहीन दंपत्ति को लॉकडाउन के दौरान खाद्यान सामग्री का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में जिले के जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया सहित अन्य पत्रकार के खिलाफ सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके विरोध में जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री सहित राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर निष्पक्ष जाँच करवा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया था।

लेकिन कार्यवाही न होने पर रविवार को जल सत्यग्रह अनशन कर विरोध कर रहे हैं, वहीं अजय भदौरिया ने कहा की आज जिले के पत्रकारों ने डीएम संजीव सिंह द्वारा पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमे के विरोध में आज जिले के पत्रकारों ने जल सत्यग्रह अनशन कर जिला प्रशासन का विरोध किया है, जिले के पत्रकारों की मांग है की पत्रकारों के खिलाफ लिखे गए मुकदमो को वापस लिया जाये और संजीव कुमार का ट्रांसफर कर जाँच की जाये अगर कार्यवाही ना हुई तो इसी तरह आंदोलन चलता रहेगा।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जिला मुख्यालय के पत्रकारों ने भृगु धाम भिटौरा में गंगा नदी में खड़े होकर जल सत्याग्रह किया। इसी तरह बिंदकी, धाता, किशनपुर, गाजीपुर, खागा, थरियांव, अशोथर सहित कई क्षेत्रों में पत्रकारों द्वारा गंगा और यमुना नदी में खड़े होकर जल सत्याग्रह किया गया। इस मामले पर रविवार रात डीएम कार्यालय की तरफ से डाली गई प्रेस नोट में बताया गया है कि अजय भदौरिया द्वारा कोरोना कॉल के दौरान संचालित हो रही कम्युनिटी किचन के बन्द होने सम्बन्धी ट्वीट किया गया था, जो कि असत्य था। इसी सम्बन्ध में उनके विरुद्ध राजस्व निरीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, इस खबर को लेकर जब न्यूज टुडे टीम ने जिलाधिकारी संजीव सिंह से उनके विभागीय नम्बर पर संपर्क करने की कोशिश की तो उनसे हमारा संपर्क नहीं हो पाया।

## देश की राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते जा रहे कोरोना संक्रमण के मामले 31 जुलाई तक साढ़े 5 लाख केस होंगे जिसके लिए 80 हजार बेड की जरूरत पड़ेगी

बिग ब्रेकिंग



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




नई दिल्ली. देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. ऐसे में इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि क्या दिल्ली में कम्यूनिटी स्प्रेड के स्तर पर लोग संक्रमित हो रहे हैं? इस मसले पर उपराज्यपाल अनिल बैजल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बीच मंगलवार को अहम बैठक हुई. चर्चा के बाद डिप्टी सीएम ने कहा कि केंद्र के अनुसार दिल्ली में फिलहाल कम्यूनिटी स्प्रेड जैसे हालात नहीं बने हैं.

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल के साथ आपदा प्राधिकरण की बैठक में शामिल होने के बाद डिप्टी सीएम ने बताया कि राजधानी में कोरोना वायरस से पैदा हुए संकट के बारे में विस्तार से चर्चा की गई. इस बैठक में बताया गया कि दिल्ली सरकार का आकलन है कि 12 से 13 दिन में कोरोना के केस दोगुने तक बढ़ रहे हैं. 15 जून तक राष्ट्रीय राजधानी में 44000 मामले होने की आशंका है, ऐसे में दिल्ली के अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज के लिए 6000 बेड की जरूरत होगी. वहीं 30 जून तक दिल्ली में 1 लाख कोरोना केस हो जाएंगे, तब 15 हजार बेड की जरूरत पड़ेगी.

सिसोदिया ने बताया कि 15 जुलाई तक सवा 2 लाख से ज्यादा केस के लिए 33 हजार बेड की जरूरत दिल्ली में पड़ेगी. वहीं 31 जुलाई तक साढ़े 5 लाख केस होंगे जिसके लिए 80 हजार बेड की जरूरत पड़ेगी. डिप्टी सीएम सिसोदिया ने कहा कि अभी तक दिल्ली के अस्पतालों में राजधानीवासी आ रहे थे, कल एलजी ने सरकार का फैसला पलट दिया. अब दिल्लीवासियों के लिए संकट हो गया है. हमने बैठक में जब इसके बारे में पूछा तो एलजी के पास कोई जवाब नहीं था. कल जब अस्पतालों में बेड भर जाएंगे, तो फिर और लोगों के लिए इंतजाम कहां से होगा. दिल्ली में कम्युनिटी स्प्रेड को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि इस मामले पर भारत सरकार के अधिकारियों ने अभी तक कुछ नहीं कहा है.

## आगामी विधानसभा चुनाव में लालू एण्ड फैमिली के पॉलिटक्स में एक नया एडिशन होगा लांच, पहले मीसा भारती, फिर तेजस्वी साथ में तेजप्रताप और अब तेज-तर्रार चौथी संतान रूक्मिणी यादव



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

सियासी गहमा-गहमी




लालू एण्ड फैमिली का पॉलिटक्स में एक नया एडिशन लांच होने वाला है। वह एडिशन लॉकडाउन काल में सिंगापुर में है। पहले मीसा भारती, तब तेजस्वी प्रसाद यादव साथ में तेजप्रताप–और अब रूक्मिणी यादव। रूक्मिणी लालू प्रसाद की सबसे लाडली मानी जाती हैं। हालांकि उनकी रूचि राजनीति में कम आधुनिकता में अधिक रही है। पढ़ने–लिखने में भी वह तेज–तर्रार रहीं हैं। गृहमंत्री अमित शाह की वर्चुअल रैली में सिंगापुर से ही वह विरोध में थाली बजाती रहीं हैं।

सूत्रों ने बताया कि इंटरनेशनल उड़ान शुरू होते ही वह पटना लैंड करेंगी। बताया जा रहा है कि चुनाव की में लालूजी उन्हें भी आगामी विधानसभा चुनाव में लांच करने जा रहे हैं।

उन्हें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों की कमान दी जाएगी। कारण– वह शहरी परिवेश के साथ–साथ महानगरीय संस्कृति में उनका मन अधिक लगता है। इस तरह लालूजी की चौथी संतान का बिहार की राजनीति में प्रवेश होने जा रहा है।

राजद के सूत्रों ने बताया कि रूक्मिणी इन दिनों निरंतर तेजस्वी प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के सर्म्पक में रहीं हैं। बिहार की राजनीति और पिता लालू प्रसाद यादव के स्वास्थ्य के बारे में भी चिंतित रहीं हैं।

उनके पारिवारिक सूत्रो ने बताया कि लालूजी को लेकर उनकी चिंता के साथ–साथ बिहार में उनके परिवार को सत्ता में नहीं रहना भी चिंता का विषय रहा है। जानकारी मिली है कि राबड़ी देवी ने ही अपनी रूक्मिणी को बिहार की राजनीति में आने का दबाव दिया है। उससे उनकी दिलचस्पी गहरा गयी है।




युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरु होगी ।
निर्माता: 9471005272







Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

## ढाई महीने से शहर को सेनेटाइज करने का अभियान चला रही सामाजिक संस्था ग्रीन एंड क्लीन ने दूसरी बार कोरोना योद्धा डॉक्टरों को किया सम्मानित









सम्राट, संवाददाता

ढाई महीने शहर को सेनेटाइज करने का अभियान चला रही सामाजिक संस्था ग्रीन एंड क्लीन ने कोरोना योद्धा के रूप में काम कर रहे डॉक्टरों को सम्मानित किया।

ग्रीन एंड क्लीन के संस्थापक अध्यक्ष व नगर पार्षद अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 20 सदस्य छतौनी स्थित डॉ कमलेश चौधरी और उनकी पत्नी डॉ लीपी प्रियदर्शिनी के अस्पताल में पहुंचे। अस्पताल के पास शीतल रेजीडेंसी में दोनों डाक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को माला पहना कर, अंगवस्त्र देकर और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया।

इस मौके पर अमरेंद्र सिंह ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान हम भी अपने–अपने घरों में थे वहीं, डॉक्टर कोरोना योद्धा के तौर पर मरीजों की सेवा में लगे थे। ऐसे डॉक्टरों की वजह से ही मरीजों के इलाज में कोई समस्या नहीं आई। ग्रीन एंड क्लीन ऐसे डाक्टरों को सलाम करता है।

कार्यक्रम में वरीय संस्कृतिकर्मी अमित सेन, संजय कुमार उर्फ टुन्ना, विनय गांधी, इंजीनियर मासूम खान, विवेक वर्मा, विनोद जायसवाल, अजय वर्मा, गुड्डू सहारा, सुधीर कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, हरीश कुमार, करण सिंह, आलोक रंजन, सत्येंद्र नाथ वर्मा, चंचल कुमार आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## सात मतदान केन्द्रों के 1500 परिवारों के लिए साबुन एवं मास्क सात बूथ अध्यक्षों को सुपुर्द किया सांसद राधा मोहन सिंह ने



रिंकू गिरी, संवाददाता




आपदा कोई भी हो, चाहे वो मानव निर्मित हो या प्राकृतिक, उसका मुकाबला करने के लिए सकारात्मक वातावरण का होना बहुत जरूरी है। अगर लोग सकारात्मक ढ़ंग से नहीं सोचेंगे तो फिर मुश्किलें और भी बढ़ जाएंगी। समाज को आगे बढ़ाने, स्वच्छ आचरण करने एवं सहकार भाव के सहयोग के साथ आगे बढ़ना है।

उक्त बातें आज सांसद मोतिहारी,चौयरमैन रेलवे स्टैंडिंग कमिटी सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने बापूधाम चंद्रहियां में सात मतदान केन्द्रों के 1500 परिवारों के लिए साबुन एवं मास्क सात बूथ अध्यक्षों को सुपुर्द करने के अवसर पर अपने संदेश में कहीं।

उन्होंने कहा कि कोरोना के संकट के साथ ही हमें जीना है,आगे बढ़ना है। इसलिए अब हमें सोशल डिस्टेंसिंग,मुंह ढ़के रहना एवं हाथ साफ करते रहना को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। जिस दिन हमने इसे पूरी तरह अपना लिया उसी दिन कोरोना भाग जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि नई राहें तो अपनानी होंगी। इसलिए सकारात्मक सोच से आगे बढ़ें।जरूरी नहीं कि प्रधानमंत्री जी बार–बार आपको टास्क दें। जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें जिम्मेदारी के साथ खुद अपने टास्क सम्भालने होंगे। देशी हुनर को महत्व देना होगा।उपनिषद कहते हैं दृ चरैवति–चरैवति अर्थात चलते रहो–चलते रहो, चलना ही जिंदगी है।

उक्त अवसर पर मंत्री,कला–संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार प्रमोद कुमार, जिला महामंत्री डॉ० लाल बाबू प्रसाद, कोषाध्यक्ष कुमार विजय,पंचायत प्रमुख जगत तिवारी सहित सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।










## राजद के वरीय नेता सुरेश सहनी के नेतृत्व में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की टोली मोतिहारी विधानसभा के इलाके में जनसंपर्क अभियान चलाकर राजग की विफलताओं को गिनाया






सम्राट, संवाददाता

पूर्वीचंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में राजग गठबंधन सरकार के खिलाफ राजद नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। इस क्रम में राज्य एवं केंद्र सरकार की विफलताओं को आम जनता के बीच गिनाते हुए स्थानीय विधायक की नाकामियों को भी लोगों के बीच रखना शुरू कर दिया है।

इस क्रम में राजद के वरीय नेता सुरेश सहनी के नेतृत्व में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की टोली मोतिहारी विधानसभा के इलाके में जनसंपर्क अभियान आज चलाया। इस दौरान मोतिहारी विधानलभा के ढेकहां बाजार,बिशुनपुर, चौनपुर, कसवा, हाथियाही, चकरदे गावों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

लोगों को संबोधित करते हुए राजद नेता सह पूर्व प्रत्याशी सुरेश सहनी ने कहा कि बिहार सरकार सभी मोर्चो पर फेल है। साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे सिर्फ वादा करते हैं। विकास से उनका दूर–दूर तक कोई वास्ता नहीं है। पूरे विधानसभा में कहीं कोई विकास का काम नहीं हुआ है। क्षेत्र में सड़क की स्थिति बदहाल है। विधायक सभी मोर्चो पर फेल है।

मौके पर राजद नेता जीतेन्द्र प्रसाद, किशुन देव सहनी, लालबाबू यादव, धर्मजीत कुशवाहा, अच्छेलाल चौधरी, बीरेंद्र कुशवाहा, रामेश्वर दास, धर्मनाथ दास, शंकर गिरी, ध्रुव नारायण ठाकुर, ठाकुर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने देशभर में 10 जून से चीनी सामानों के बहिष्कार का ऐलान किया, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की सलाह



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

**स्वदेशी उत्पादों को अपनाओ, आत्मनिर्भर बनो**




व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने देशभर में आगामी 10 जून, बुधवार से चीनी सामानां के बहिष्कार की मुहिम शुरू करने का ऐलान किया गया है। इसके तहत 10 जून से देशभर में चीनी सामान के बहिष्कार का अभियान चलाने का ऐलान किया गया है। करीब 40 हजार व्यापार संघों वाले इस संगठन ने व्यापारियों और आम लोगों से चाइनिज सामानों से दूरी बनाने अपील की है। इससे पीएम मोदी के स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की सलाह को भी अमल में लाया जा सकेगा।

सीएआईटी की तरफ से कहा गया कि हमने स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने और ऐसे करीब 3000 चीनी वस्तुओं के बहिष्कार की लिस्ट तैयार की है, जिसपर अमल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। इसके लिए चीन स आयातित लगभग 3,000 उत्पादों की एक व्यापक सूची भी तैयार की है। अहम बात यह कि इन 3000 चीनी वस्तुओं का देश में भारतीय विकल्प भी आसानी से उपलब्ध है।

विदित हो कि देश में पहले भी चीनी वस्तुओं के बहिष्कार की मुहिम चलाई गई थी जिससे 2017–18 में चीनी वस्तुओं का आयात +76 बिलियन से घटकर $70 बिलियन रह गया। सीएआईटी के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि यह 6 बिलियन की गिरावट मामूली है जिसे और बढ़ाने के लिए और सरकार के 'मेक इन इंडिया' मिशन को मजबूती देने के लिए नई पहल शुरू की गई है।

अब चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के इस ताजा अभियान के माध्यम से दिसंबर 2021 तक वहां से आयात में लगभग +13 बिलियन (लगभग 1 लाख करोड़ रुपये) की कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। सीएआईटी ने चीन से आयातित लगभग 3,000 ऐसे उत्पादों की एक व्यापक सूची तैयार की, जिनके विकल्प भारत में आसानी से उपलब्ध हैं. गौरतलब है कि सीमा विवाद के बाद से देश में चीन के खिलाफ माहौल तैयार हुआ है और एक बार फिर से चीनी सामान के बहिष्कार की मांग जोड़ पकड़ने लगी है।

## नल जल योजना में हुई गड़बड़ी के खिलाफ सड़क पर उतरे ग्रामीण, पाइप, लीकेज से सड़क पर जम जाता है पानी



सुनील चौधरी,
संवाददाता,

पूर्वी चम्पारण जिले के संग्रामपुरप्रखंड में नल–जल का पानी लोगों के घरों में पहुचने के बजाय सड़क पर जमा होने, मानक के अनुरूप पाइप की गहराई नहीं किए जाने व पाइप से हो रहे पानी की लीकेज को लेकर पश्चमि संग्रामपुर पंचायत के वार्ड संख्या–5 के ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए वार्ड सदस्या व मुखिया के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। ग्रामीण संजय कुँवर, चन्द्र भूषण कुँवर, अवधेश पांडेय, लक्ष्मण यादव, पथल यादव, बिपुल कुमार, बृज किशोर कुँवर, राम लग्न साह,जीतन सिंह समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना नलजल का बंटाधार किया जा रहा है।

जिसको लेकर पिछले 21 मई को बीडीओ के आदेश पर प्रखण्ड जीपीएस को शिकायती आवेदन सौंपा गया। लेकिन, अभी तक कोई करवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया की वार्ड सदस्या मालती देवी के पति शम्भू ठाकुर द्वारा नलजल का काम करवाया गया।जिसम मानक के अनुरूप ना तो पाइप लगाई गई नाही पाइप को मानक के अनुरुप गहरा करके गाड़ा गया।




साथ ही जहां जहां पाइप की जॉइंट की गई वहां वहां पानी का रिसाव लगातार जारी है। जिससे गांव के सड़को पर और लोगो के दरवाजे पर जलजमाव हो रहीं हैं। साथ ही इस वार्ड में लगे नलजल के लिए घरों में लगे पाइप में नल का कही आता पता नहीं हैं। जबकि बीडीओ को आवेदन देने के बाद भी करवाई नहीं कि जा रहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इसकी शिकायत जब मुखिया दिलीप पासवान से किया गया तो उनके द्वारा भी करवाई नही हुई। मजबूरन मुख्यमंत्री, डीएम, एसडीएम तक को पत्र दिया गया करवाई शून्य देखकर सड़क पर उतरना पड़ा।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830